आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
के लिए पत्रकारों की जरूरत है।
चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com

जालंधर, मंगलवार 14 जनवरी 2025

# वंदे भारत 24

भारत के मन की बात



@vandebharat24 | vandebharat24 | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com

# महाकुंभ 2025: पौष पूर्णिमा पर डेढ़ करोड़ लोगों ने किया संगम स्नान



**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** आस्था के महापर्व,महाकुम्भ 2025 की शुरूआत सोमवार को पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ हो गई। सनातन आस्था का सबसे बड़ा पर्व होने के कारण देश भर से श्रद्धालु महाकुम्भ में स्नान करने प्रयागराज आते हैं। मेला प्रशासन के अनुसार महाकुम्भ के पहले स्नान पर लगभग 1.5 करोड़ श्रद्धालुओं में त्रिवेणी संगम में पुण्य स्नान किया। जिनमें से लाखों की संख्या में श्रद्धालु ट्रेनों के माध्यम से प्रयागराज पहुंचे। प्रयागराज रेल मण्डल ने पहले से की गई तैयारियों के कारण श्रद्धालुओं को ज्यादा दिक्कतों का समना नहीं करना पड़ा। प्रयागराज रेल मण्डल ने यात्रियों की संख्या के मुताबिक शाम 06 बजे तक 50 से अधिक स्पेशल ट्रेनें चलाई।

**पहले शाही स्नान में पुलिस के बंदोबस्त की भी होगी परीक्षा :** महाकुंभ में मंगलवार को मकर संक्रांति के अवसर पर पुलिस के इंतजामों की भी परीक्षा होगी। पहले शाही स्नान के दौरान प्रयागराज में 3 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के संगम में स्नान करने का अनुमान है। सुरक्षा के दृष्टिगत डीजीपी मुख्यालय ने करीब 20 हजार पुलिसकर्मियों को तैनात किया है। वहीं एनएसजी कमांडो के साथ एटीएस, एसटीएफ की टीमें ड्रोन, एंटी ड्रोन सिस्टम, एआई कैमरे, बख्तरबंद वाहनों के साथ तैनात की गई हैं।

बता दें कि डीजीपी प्रशांत कुमार खुद महाकुंभ की पल-पल की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। सोमवार को पौष पूर्णिमा के दौरान उन्होंने डीजीपी मुख्यालय में बनाए गए विशेष कंट्रोल रूम से इंतजामों का जायजा लिया और फील्ड में तैनात अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मंगलवार को भी अतिरिक्त सतर्कता बरतने के साथ चौकन्ना रहने को कहा ताकि पहला शाही स्नान बिना किसी बाधा के संपन्न कराया जा सके। रविवार को प्रयागराज में लाखों की तादाद में श्रद्धालुओं के आने की वजह से यातायात संबंधी दिक्कतों का भी उन्होंने संज्ञान लेते हुए आवश्यक सुधार करने को कहा। एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि महाकुंभ की सुरक्षा के सभी बंदोबस्त किए जा चुके हैं। केंद्रीय जांच एजेंसियों से तालमेल बनाकर चप्पे-चप्पे की निगरानी की जा रही है। एहतियात के तौर पर एसटीएफ के बख्तरबंद वाहनों को भी प्रयागराज भेजा गया है।

## अब बांग्लादेश को सबक सिखाने की तैयारी, भारत ने डिप्टी हाई कमिश्नर को किया तलब

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर फेंसिंग का विवाद गहरा गया है। भारत ने आज बांग्लादेश के डिप्टी हाई कमिश्नर नुरूल इस्लाम को तलब किया है। इससे पहले रविवार को बांग्लादेश ने भारतीय हाई कमिश्नर को समन किया था। बांग्लादेशी विदेश मंत्रालय ने भारतीय हाईकमिश्नर प्रणय वर्मा को बुलाकर बॉर्डर पर क्रस्स्र की तरफ से की जा रही फेंसिंग (बाड़) को अवैध कोशिश बताया था।

बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने बॉर्डर पर फेंसिंग को अवैध कोशिश बताया था। हालांकि, मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने इस मामले में कोई बयान जारी नहीं किया है। भारत और बांग्लादेश के बीच 4,156 किलोमीटर का बॉर्डर है। इसमें से 3271 किलोमीटर एरिया में भारत ने फेंसिंग कर दी है। 885 किलोमीटर बॉर्डर पर अभी फेंसिंग का काम चल रहा है। ढाका ने पहले आरोप लगाया था कि भारत भारत-बांग्लादेश सीमा पर पांच स्थानों पर बाड़ लगाने की कोशिश कर रहा है, जो द्विपक्षीय समझौते का उल्लंघन है।






# जल शक्ति मंत्रालय की रिपोर्ट: पंजाब में 12 प्रतिशत लोग पानी की गुणवत्ता से असंतुष्ट, सरकार के सामने चुनौती

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पंजाब में राज्य सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत सभी घरों में नल से पानी की आपूर्ति का लक्ष्य तो पूरा कर लिया है, लेकिन अब सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती पानी की गुणवत्ता व नियमितता को लेकर है। प्रदेश में 12 प्रतिशत लोग पानी की गुणवत्ता से संतुष्ट नहीं हैं, यानि वे इसमें सुधार चाहते हैं।

इसी तरह 11 प्रतिशत लोगों ने पानी की नियमितता को लेकर भी असंतुष्टि जताई है। जल मंत्रालय की रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। मंत्रालय की तरफ से हाल ही में एक सवाल के जवाब में लोकसभा में यह रिपोर्ट पेश की गई थी। इसी तरह रिपोर्ट में फिरोजपुर फीडर नहर के पानी की गुणवत्ता सही नहीं पाई गई है, क्योंकि इसमें बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड (बीओडी) का स्तर तय मानकों से अधिक पाया गया है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2019 में जल जीवन मिशन की घोषणा की थी, जिसका मकसद 19.35 करोड़ ग्रामीण परिवारों के घरों को नल से पानी की आपूर्ति की सुविधा देना था। इसके चलते प्रदेश में 34,26,808 घरों में यह सुविधा दी गई है। केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री वी सोमन्ना की तरफ से पेश की गई रिपोर्ट में बताया गया कि प्रदेश में 89 प्रतिशत लोग पानी की नियमित रूप से आपूर्ति (नियमितता पैरामीटर) से संतुष्ट हैं, जबकि 88 प्रतिशत लोग पानी की गुणवत्ता क्वालिटी (पैरामीटर) से संतुष्ट हैं। यह पंजाब सरकार के लिए राहत की बात है कि राष्ट्रीय प्रतिशत के मुकाबले प्रदेश की स्थिति बेहतर है। राष्ट्रीय स्तर पर पानी की नियमितता का 83 और गुणवत्ता का प्रतिशत 82 प्रतिशत है। हालांकि पंजाब के मुकाबले अन्य राज्यों में स्थिति काफी बेहतर भी है। यही कारण है कि राज्य सरकार के सामने इसमें सुधार करने की प्रमुख चुनौती है।

### प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने लिए थे सैंपल

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के साथ मिलकर फिरोजपुर फीडर नहर के सैंपल लिए थे, जिसमें सामने आया था कि इस नहर के पानी की गुणवत्ता जल गुणवत्ता मापदंड के तहत तय क्लास के अनुसार सही नहीं पाई गई। पानी में बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड (बीओडी) का स्तर तय मानकों से अधिक 5 एमजी/एल पाया गया था, जबकि यह 3 एमजी/एल या उससे कम होना चाहिए। वहीं इंदिरा गांधी नहर के पानी की गुणवत्ता सही पाई गई थी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार पंजाब के शहरों और कस्बों से निकलने वाले बिना ट्रीट सीवरेज के पानी और औद्योगिक अपशिष्ट के कारण सतलुज नदी के पानी की गुणवत्ता खराब हो रही है, जिनमें लुधियाना (बुड्ढा नाले ड्रेन), जालंधर और फगवाड़ा (पूर्वी बेन ड्रेन) शामिल हैं। सीपीसीबी सतलुज नदी, ब्यास नदी, राजस्थान नहर, बुड्ढा नाला और पूर्वी बेन नाले के जल गुणवत्ता की नियमित रूप से निगरानी करता है।

### प्रदेश को इस वितीय वर्ष में मिला 644 करोड़ रुपये फंड

केंद्र सरकार की तरफ से जल जीवन मिशन के तहत वर्ष 2024-25 के लिए पंजाब सरकार को 644 करोड़ रुपये फंड आवंटित किया गया है, जो वर्ष 2023-24 के मुकाबले अधिक है। पिछले वित्तीय वर्ष में केंद्र ने 479 करोड़ आवंटित किए थे। इसी तरह वर्ष 2022-23 में सबसे अधिक 2403 करोड़ जारी किए थे। पानी की गुणवत्ता व नियमितता में सुधार के लिए ही केंद्र की तरफ से सभी राज्यों को यह फंड जारी किया जाता है।

HAKIM TILAK RAJ KAPOOR HOSPITAL PVT. LTD.



आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों तथा पंचकर्मा द्वारा हर बीमारी के सफल इलाज के लिए मिलें।

NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR | Call/Whatsapp No. +91-95015-02525

Dr. Nuvneet Kapoor
B.A.M.S., M.D (H.T.R.K.)

Ph.: 0181-5092525
Website : www.hakimtilakraj.in

# 14 जनवरी को मनाई जाएगी मकर संक्रांति

मकर संक्रांति एक प्रमुख हिंदू त्योहार है जो आमतौर पर 14 जनवरी को मनाया जाता है। इस दिन सूर्य उत्तर दिशा की ओर गति करता है। मकर संक्रांति इस साल 14 जनवरी को मनाई जाएगी। इस दिन सूर्य देव सुबह 9 बजकर 3 मिनट पर मकर राशि में प्रवेश करेंगे। मकर संक्रान्ति पुण्य काल मुहूर्त 14 जनवरी की सुबह 09:03 से शाम 05:46 बजे तक रहेगा। महा पुण्य काल समय सुबह 09:03 से सुबह 10:48 बजे तक रहेगा। इसलिए इसे उत्तरायण संक्रांति भी कहते हैं।

मकर संक्रांति और उत्तरायण के दिन स्नान, दान और पतंग उड़ाना सबसे महत्वपूर्ण कार्यों में से एक है। इस दिन खरमास समाप्त हो जाता है। जिसके कारण शुभ और मांगलिक कार्य फिर से शुरू हो जाते हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, रात के समय स्नान दान नहीं किया जा सकता। क्योंकि, मकर संक्रांति पर सूर्य देव की उपासना की जाती है। मकर संक्रांति के दिन दान और स्नान के अलावा कुछ ऐसा काम भी जिन्हें करने के लिए मना किया गया है। तो आइए जानते हैं मकर संक्रांति पर क्या करें क्या न करें।

## मकर संक्रांति के दिन क्या ना करें

- मकर संक्रांति के दिन गलती से भी स्नान किए बिना भोजन ग्रहण न करें।
- मकर संक्रांति के दिन स्नान-दान के विशेष महत्व होता है, लेकिन इस दिन भूलकर भी तेल का दान नहीं करना चाहिए।
- मकर संक्रांति पर सफेद चावल और नुकीली वस्तुएं जैसे चाकू, कैंची आदि दान करने से बचें।
- मकर संक्रांति के दिन तामसिक भोजन या शराब का सेवन करने से बचना चाहिए।
- मकर संक्रांति के दिन चौखट पर आए किसी भी ब्राह्मण और जरूरतमंद को बिना कुछ दान दिए वापस न लौटाएं।
- इसके अलावा किसी भी व्यक्ति का अपमान न करें, मान्यता है कि ऐसा करने वाला व्यक्ति पाप का भागी बन सकता है।






## मकर संक्रांति पर क्या करें

- मकर संक्रांति के दिन पवित्र नदी में स्नान करना चाहिए। यदि आप नदी में स्नान नहीं कर सकते तो घर में ही गंगाजल या शुद्ध पानी से स्नान करें और तिल डालें।
- सूर्यदेव को अर्घ्य देने से पहले जल में लाल फूल और तिल डालें और फिर अर्पित करें। ऐसा करने से सूर्यदेव की कृपा प्राप्त होती है।
- मकर संक्रांति पर तिल और गुड़ का सेवन और दान करने से विशेष पुण्य मिलता है। यह दान कड़वाहट को मीठे में बदलने का प्रतीक है।
- इस दिन सूर्य देव को खिचड़ी और तिल-गुड़ का प्रसाद अर्पित करना शुभ माना जाता है, फिर उसे दूसरों में बांटें।
- मकर संक्रांति के दिन ? सूर्याय नमः या ? नमो भगवते सूर्याय मंत्र का जाप करें।
- मकर संक्रांति के दिन गरीबों को भोजन, कपड़े और धन दान करना अत्यधिक पुण्यदायक होता है।

## गुड़ और खोवा तिलकुट लोगों की पहली पसंद

मार्केट में बादाम चिक्की, तिलकुट, लड्डू, गजक आदि उपलब्ध है. लेकिन, डिमांड सबसे अधिक गुड़ के तिलकुट का है. लोग इस साल खोवा तिलकुट की भी खरीदारी रहे हैं. खोवा तिलकुट 400 से 600 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बिक रहे हैं. वहीं, बादाम चिक्की 200 रुपये, गुड़ तिलकुट 350 से 400, चीनी तिलकुट 300 से 400, सफेद तिल पापड़ी व काला तिल पापड़ी 300- 400 रुपये किलो किलो बिक रही है.

## 3 साल बाद 14 को होगा संक्रांति का पर्व

सनातन धर्मावलंबियों का खास पर्व मकर संक्रांति तीन साल बाद 14 जनवरी को मनाया जायेगा. इस दिन माघ कृष्ण प्रतिपदा से युक्त पुनर्वसु व पुष्य नक्षत्र के युग्म संयोग बन रहा है. मकर संक्रांति के दिन गंगा स्नान और दान-पुण्य करने का विशेष महत्व होता है. इस दिन स्नान-दान करने से उसका सौ गुना पुण्य फल प्राप्त होता है. इसी दिन सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने से खरमास समाप्त हो जायेगा. इसके बाद मांगलिक कार्य का सिलसिला शुरु हो जायेगा. सूर्य 14 जनवरी को दोपहर बाद 02:55 बजे मकर राशि में प्रवेश करेंगे. इसका पुण्यकाल पूरे दिन रहेगा.

# लव राशिफल 14 जनवरी- इन बहारों में दिल की कली खिल गई, मुझको तुम जो मिले हर खुशी मिल गई



**मेष लव राशिफल :** आपके रिश्ते में आज ऊर्जा और जुनून रहेगा। साथी के साथ बिताया गया समय आपके बंधन को और मजबूत करेगा। सिंगल के लिए किसी नए रिश्ते की शुरुआत के संकेत हैं।

***लव टिप : अपने पार्टनर के प्रति ईमानदारी बनाए रखें।***

**वृष लव राशिफल :** आज आप और आपका साथी एक-दूसरे के प्रति अधिक संवेदनशील रहेंगे। अपनी भावनाओं को खुलकर व्यक्त करें। सिंगल को किसी पुराने मित्र से प्रेम प्रस्ताव मिल सकता है।

***लव टिप : रोमांटिक डिनर का प्लान बनाएं।***

**मिथुन लव राशिफल :** आपके रिश्ते में आज संवाद की कमी महसूस हो सकती है। इसे दूर करने के लिए समय निकालें और अपने पार्टनर से खुलकर बात करें। सिंगल्स को अपनी पसंद की दिशा में पहल करनी चाहिए।

***लव टिप : अपने साथी को सरप्राइज गिफ्ट दें।***

**कर्क लव राशिफल :** आज आप अपने साथी के साथ नए अनुभव साझा करेंगे। यह दिन रोमांचक और यादगार रहेगा। सिंगल्स को किसी क्रिएटिव व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है।

*लव टिप : साथी के साथ छोटी यात्रा का प्लान करें।*

सिंह लव राशिफल आपकी भावनात्मक गहराई आज साथी को प्रभावित करेगी। सिंगल्स को अपनी भावनाओं को स्पष्ट रूप से व्यक्त करने की जरूरत है।

***लव टिप :अपने रिश्ते में सच्चाई और पारदर्शिता बनाए रखें।***

**कन्या लव राशिफल :** आज का दिन आपके लिए रोमांस से भरा रहेगा। आप अपने साथी के साथ खूबसूरत पलों का आनंद लेंगे। सिंगल्स के लिए आत्मीय कनेक्शन बनने का समय है।

***लव टिप : साथी के साथ यादगार पल बिताने के लिए प्लान बनाएं।***

***तुला लव राशिफल :*** आज का दिन प्रेम संबंधों के लिए खुशियों से भरा रहेगा। साथी के साथ लंबी बातचीत रिश्ते को और मजबूत बनाएगी। सिंगल्स के लिए आकर्षण का समय है।

***लव टिप : खुले दिल से अपने पार्टनर की बातें सुनें।***

**वृश्चिक लव राशिफल :** आपका जुनून और समर्पण आज रिश्ते को गहराई देगा। सिंगल्स के लिए किसी पुराने प्यार का फिर से आगमन हो सकता है।

***लव टिप : ईमानदारी और भरोसे को प्राथमिकता दें।***

**धनु लव राशिफल :** आज आपको अपने रिश्ते में स्थिरता का अनुभव होगा। साथी के साथ बिताया गया समय आपके लिए सुकूनदायक रहेगा। सिंगल्स के लिए आत्मनिर्भरता का समय है।

**लव टिप : छोटी-छोटी चीजों से साथी को खुशी दें।**

**मकर लव राशिफल :** आज रिश्ते में संतुलन बनाए रखने की जरूरत है। आपका रोमांटिक अंदाज साथी को खुश कर देगा। सिंगल्स के लिए किसी अनपेक्षित स्रोत से प्रस्ताव मिलने की संभावना है।

***लव टिप : साथी को अपने दिन की योजनाओं में शामिल करें।***

***कुंभ लव राशिफल :*** आज का दिन साथी के साथ गहरे संवाद का है। पुरानी गलतफहमियां सुलझाने का समय है। सिंगल्स के लिए आत्म-विश्लेषण का दिन रहेगा।

***लव टिप :*** *अपनी भावनाओं को व्यक्त करने में झिझक न करें।*

**मीन लव राशिफल :** आपका आत्मविश्वास और आकर्षण आज आपके रिश्ते को नया आयाम देगा। सिंगल्स को कोई विशेष व्यक्ति आकर्षित कर सकता है।

लव टिप- साथी की प्रशंसा करें और उन्हें खास महसूस कराएं।

# पंजाब में लोहड़ी की धूम

## कहीं पतंगबाजी तो कहीं पूजा-पाठ में जुटे लोग; बाजार गुलजार



**जालंधर( जसप्रीत सिंह ) :** पंजाब में लोहड़ी का पर्व बहुत धूमधाम तरीके से मनाया जाता है। लोहड़ी के पर्व पर लोग अपने घरों के बाहर लकड़ियों को जलाकर उसमें मूंगफली, रेवड़ियां, चिड़वड़े व अन्य सामान की आहुति डालकर परिवार की सुख शांति के लिए आराधना करते हैं।

वहीं, पतंगबाजी के शौकीन आसमान पर पतंगे उड़ाकर आईबो के साथ लोहड़ी का आनंद लेते हैं। लोहड़ी की पूर्व संध्या पर लोगों ने बाजारों से पूजा अर्चना के लिए मूंगफली, रेवड़ियां, चिड़वड़े, खजूर, गच्चक व अन्य सामान की खरीदारी की।

**नवजात बेटियों को पहनाए चांदी के कंगन –** बेटियों का भविष्य स्वर्णिम हो, ऐसी कामना से बठिंडा के गांव बल्हो में 23 नवजात बालिकाओं को चांदी के कंगन पहनाकर 'धीयां दी लोहड़ी' मनाई गई। बल्हो गांव की नवनिर्वाचित पंचायत सादे ढंग से विवाह करने वालों के लिए पुरस्कार की घोषणा करके पहले भी चर्चा में आ चुकी है।

इस कार्यक्रम की एक विशेषता यह भी रही कि जिन अभिभावकों ने अपने बच्चों का टीकाकरण समय पर करवाया है, अस्पताल स्टाफ ने उन्हें सम्मानित किया। गांव बल्हो में रविवार को गुरबचन सिंह सेवा समिति सोसायटी ने ग्राम पंचायत के सहयोग से नवजन्मी बेटियों की सामूहिक लोहड़ी मनाई।

**हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं बेटियां**

इस अनूठे समारोह की अध्यक्षता गांव की सरपंच अमरजीत कौर ने की तथा डीएसपी प्रदीप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। डीएसपी प्रदीप सिंह ने अपने हाथों से नवजात बेटियों को चांदी के कंगन पहनाए तथा उन्हें गर्म कपड़े दिए। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि मैं नवजात बेटियों के माता-पिता को बधाई देता हूं और कामना करता हूं कि हमारी ये बेटियां बड़ी होकर अच्छी शिक्षा प्राप्त करें और गांव का नाम रोशन करें। अब बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, चाहे वह कोई भी क्षेत्र हो। उन्होंने पंचायत व संस्थाओं के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संस्थाओं के अच्छे कार्यों में सभी लोग अपना योगदान दे रहे हैं तथा हम सभी को गांव के कल्याण के लिए प्रयास करने चाहिए।

### गुरु ग्रंथ साहिब में बेटियों को बहुत सम्मान दिया गया

प्रख्यात कथावाचक बाबा गुरप्रीत सिंह बल्हो ने कहा कि गुरु ग्रंथ साहिब में बेटियों को बहुत सम्मान दिया गया है। लड़कियों ने महान कीर्तिमान स्थापित किए हैं और हर क्षेत्र में लड़कों से आगे निकल गई हैं, चाहे वह शिक्षा हो या खेल। अध्यापिका गुरजीत कौर ने बेटियों पर कविताएं गाकर प्रशंसा बटोरी। संस्था के सलाहकार भूपेंद्र सिंह जटाना ने संस्था द्वारा लड़कियों के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी तथा लोहड़ी की शुभकामनाएं दीं।

## होशियारपुर में ट्राले के ब्रेक फेल होने से मची भगदड़, बाल-बाल बची लोगों की जान

**जालंधर( अंशु कपूर ) :** होशियारपुर के जेजों गांव में एक ट्राला घर में जा घुसा, जिसके बाद वहां पर लोगों में भगदड़ मच गई। इस हादसे में बाल-बाल लोगों की जान बची। पर ट्राले के घर में घुसने के कारण घर पूरी तरह से ढह गया। हादसे के बाद लोगों ने पुलिस को इस घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच मामले की जांच शुरू कर दी है।

**ब्रेक फेल होने के कारण हुआ हादसा**

बताया जा रहा है कि ट्राला हिमाचल से आ रहा था। होशियारपुर के जेजों गांव में अचानक ट्राले की ब्रेक फेल हो गई। जिस कारण ड्राइवर उसे कंट्रोल नहीं कर पाया और वह ट्राले को लेकर सीधा घर में जा घुसा। जिस कारण पूरा घर धाराशायी हो गया। गनीमत रही कि घर में कोई मौजूद नहीं था। वर्ना जानी नुकसान हो सकता था।

**घर पूरी तरह से तबाह**

हादसे के बाद लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। जबकि घर पूरी तरह से तबाह हो गया। लोगों ने पुलिस को फोन कर मौके पर बुलाया। पुलिस मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



## जालंधर में कंपनी बाग के पास एक्टिवा सवार व्यक्ति का एक्सीडेंट, पुलिस की गाड़ी पर टक्कर मारने का आरोप

**जालंधर ( पवन कश्यप ) :** जालंधर में लोहड़ी के त्योहार के मौके पर कंपनी बाग चौक के पास एक व्यक्ति हादसे का शिकार हो गया। जिसमें वह बुरी तरह से जख्मी हो गया। जिसके बाद लोगों ने एंबुलेंस को कॉल की। एंबुलेंस के न आने पर लोगों और पुलिसकर्मियों ने खुद ही जख्मी व्यक्ति को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसका ईलाज चल रहा है।

**पुलिस की गाड़ी पर टक्कर मारने का आरोप :** घटना के दौरान मौजूद लोगों ने पुलिस की गाड़ी पर व्यक्ति को टक्कर मारने का आरोप लगाया है। लोगों के मुताबिक तेज रफ्तार पुलिस की गाड़ी ने एक्टिवा पर जा रहे व्यक्ति को टक्कर मारी। जख्मी व्यक्ति की पहचान सेंट्रल टाउन निवासी उदय के रूप में हुई है।



**मौके पर नहीं आई एंबुलेंस :** घटना के बाद लोगों ने एंबुलेंस को कॉल करके बुलाया। पर जब काफी देर तक एंबुलेंस नहीं आई फिर लोगों ने पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर पुलिस बस में बैठाकर सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया। फिलहाल व्यक्ति का ईलाज चल रहा है।

## पंजाब में कल से फिर बदलेगा मौसम, मौसम विभाग ने 11 जिलों में जारी किया शीतलहर का अलर्ट

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पूरे देश में मौसम ख़राब होता जा रहा है। वहीं मौसम विभाग ने पंजाब -चंडीगढ़ में कोहरे को लेकर आज ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अलर्ट के बाद भी कई शहरों में आज धूप खिली है। मौसम विभाग ने आज पंजाब के 11 जिलों अमृतसर, तरनतारन, कपूरथला, जालंधर, बठिंडा, लुधियाना, बरनाला, मानसा, संगरूर, पटियाला और मलेरकोटला में घने कोहरे और शीतलहर को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

**घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी**

जबकि एसएएस नगर, रूपनगर, फतेहगढ़ साहिब, मुक्तसर, फरीदकोट, फाजिल्का, फिरोजपुर, नवांशहर, होशियारपुर, गुरदासपुर और पठानकोट में घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा चंडीगढ़ में भी घने कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक आज सोमवार 4.7 डिग्री तापमान के साथ अमृतसर सबसे ठंडा शहर रहा है। पिछले 24 घंटे में पंजाब के आसपास सक्रिय दो वेस्टर्न डिस्टर्बन्स के चलते कई इलाकों में बारिश देखने को मिली।

**15 जनवरी से फिर बदलेगा मौसम**

14 जनवरी की रात से एक नया वेस्टर्न डिस्टर्बन्स सक्रिय हो रहा है। जिसके चलते 15 और 16 जनवरी को पंजाब के मैदानी इलाकों में बारिश देखने को मिलेगी। जिसके चलते एक बार फिर बारिश का अनुमान लगाया जा सकता है।



# फौजी का ठनका माथाः अमृतसर में सूबेदार ने कार, बाइक और घर में लगा दी आग

## जवान को पकड़ने में पुलिस के छूटे पसीने





**जालंधर( अंशु कपूर ) :** पंजाब के अमृतसर में एक फौजी ने अपने ही घर में आग लगा दी। आग से घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। वहीं घर के बाहर खड़ी गाड़ी और बाइक को भी सूबेदार मेजर ने आग के हवाले कर दिया। आग से कार और बाइक धू-धू कर जलकर राख हो गई। हालांकि पुलिस ने फौजी को हिरासत में ले लिया है, लेकिन उसे पकड़ने में पुलिस के भी पसीने छूट गए। भारतीय सेना में सूबेदार मेजर रैंक के एक व्यक्ति ने कस्बा मजीठा में अपने घर, कार और मोटरसाइकल को आग लगा दी। बताया जा रहा है कि फौजी घरेलू विवाद के चलते परेशान था। कस्बा मजीठा की सब्जी मंडी वार्ड नंबर 2 निवासी सूबेदार मेजर प्रगट सिंह ने घरेलू विवाद के चलते अपना घर जलाकर राख कर दिया। प्रगट सिंह सेना में सूबेदार मेजर के पद पर तैनात हैं और वह छुट्टियां पर अपने घर मजीठा आया हुआ है। उनके दो बेटे हैं, लवप्रीत सिंह और गुरप्रीत सिंह गोपी जिनकी शादी हो चुकी है। बड़ा बेटा कनाडा में रहता है और छोटा बेटा गुरप्रीत सिंह गोपी मजीठा में रहता है।

### फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां ने पाया काबू

घरेलू कलह के कारण सूबेदार प्रगट सिंह ने अपनी स्विफ्ट कार, मोटरसाइकिल और अपने घर में आग लगाई है। घरेलू कलह के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। आग इतनी भीषण थी कि उस पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब एक घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। इस आग से कोई जनहानि तो नहीं हुई, लेकिन घर का सारा सामान जलकर राख हो गया।

### पुलिस ने सूबेदार मेजर को हिरासत में लिया

थाना मजीठा के एसएचओ प्रभजीत सिंह पुलिस पार्टी के साथ मौके पर पहुंचे और सूबेदार प्रगट सिंह को हिरासत में ले लिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर मजीठा फायर ब्रिगेड की गाड़ी समय पर पहुंच जाती तो बहुत बड़ा नुकसान होने से बच सकता था। पुलिस आग से हुए नुकसान का जायजा ले रही है।

# पटियाला नगर निगम चुनाव को लेकर हाईकोर्ट ने सुनाया बड़ा फैसला, खारिज की यह मांग

**जालंधर( पंकज शर्मा ) :** पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने पटियाला नगर नगर चुनाव में 7 वार्डों के स्थगित किए जाने के फैसले को खारिज कर दिया है। जिससे अब इन वार्डों को विजयी उम्मीदवार अपने पद की शपथ ले पाएंगे। हालांकि कोर्ट ने इसके साथ ही यह भी कहा कि अगर किसी को इस पर आपत्ति है तो वह इस पर याचिका दायर कर सकता है।




### चुनाव प्रक्रिया में लगाए थे गड़बड़ी के आरोप

दरअसल पटियाला निकाय चुनाव की प्रक्रिया के दौरान गड़बड़ी के आरोप लगाए गए थे। जिसके बाद इसे लेकर कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। कोर्ट में सरकार ने कहा कि उन्होंने 7 वार्डों के चुनाव स्थगित कर दिए थे। जिस पर इलेक्शन कमिशन ने कहा कि इन वार्डों में चुनाव करवाएं जाएंगे। हालांकि इलेक्शन कमिशन ने पहले ही विजेता उम्मीदवारों को सर्टिफिकेट बांट दिए थे।

जिस कोर्ट में वकील ने कहा था कि चुनाव प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। जिसके बाद कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है।

### पटियाला में आप को मिला है बहुमत

आपको बता दें कि पटियाला नगर निगम की 60 सीटों पर आम आदमी पार्टी ने 43 सीटें जीतकर बहुमत हासिल किया था। जबकि कांग्रेस-भाजपा को 4-4 और अकाली दल को 2 सीटें मिली थीं। 7 वार्डों के चुनाव स्थगित होने के बाद भी आप अकेले दम पर मेयर बनाने में समर्थित थी। जिसके बाद आप ने अपना मेयर बनाया।

# जालंधर में चाईना डोर की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत, पाबंदी के बावजूद भी सिलसिला जारी



**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पंजाब में चाइना डोर के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। जालंधर के आदमपुर से एक ऐसा ही मामला सामने आया है, जहां एक 45 साल का व्यक्ति चाइनीज मांझे की चपेट में आ गया। जिससें उसकी गर्दन की नस कट गई और चंडीगढ़ पीजीआई में 2 दिन उपचार के बाद व्यक्ति की मौत हो गई।

### मोटरसाइकिल से जा रहा था गांव

मृतक की पहचान 45 साल के हरप्रीत सिंह के रूप में हुई है । हरप्रीत सिंह गांव सरोबाद का रहने वाला था। बता दें कि 2 दिन पहले जब हरप्रीत अपनी मोटरसाइकिल से आदमपुर से वापस अपने गांव सरोबाद जा रहा था तो अचानक सड़क पर हरप्रीत का गला चाईना डोर से कट गया और गहरा घाव हो गया।

### उपचार के बाद गई जान

जिसके बाद व्यक्ति को आदमपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया, लेकिन 2 दिन उपचार के बाद हरप्रीत की मौत हो गई ।

### पंजाब में चाइना डोर पर प्रतिबंध

पंजाब सरकार ने राज्य में चाइना डोर, नायलॉन और किसी भी प्रकार की सिंथेटिक सामग्री से बनी पतंग उड़ाने वाली डोर पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था।

पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की तरफ से जारी आदेशों के अनुसार, यह प्रतिबंध पर्यावरण अधिनियम, 1986 की धारा 5 के तहत लगाया गया है। हालांकि इसके बावजूद इस घातक डोर का अंत अभी तक नहीं हुआ।

# टीडीआई सिटी में बड़ा हादसा, निर्माणाधीन दो मंजिला इमारत का गिरा लेंटर; एक की मौत, कई घायल

**जालंधर( जसप्रीत सिंह ) :** पंजाब के मोहाली में (सोमवार) शाम निर्माणाधीन इमारत का लेंटर गिरने से बड़ा हादसा हो गया। हादसे होते ही मौके पर हड़कंप मच गया। कई लोग मलबे में दब गए। चार लोगों को मलबे से निकाला गया है। सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है, जिसमें एक की मौत हो गई।

यह हादसा मोहाली के सेक्टर 118 टीडीआई सिटी में दो मंजिला निर्माणाधीन इमारत के लिंटर गिरने से हुआ है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पहली मंजिल का लिंटर ढह गया। घटना के वक्त दूसरी मंजिल का निर्माण कार्य चल रहा था। यह घटना 21 दिसंबर को सोहाना में एक इमारत ढहने के एक महीने के भीतर हुई है, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई थी।

### निर्माणाधीन तीसरी मंजिल से गिरा मजदूर, मौत

उधर पंचकूला में सेक्टर-25 में निर्माणाधीन इमारत पर काम कर रहे मजदूर की तीसरी मंजिल से गिरने के कारण दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान कृष्ण गोपाल के रूप में हुई है। वह मूल रूप से बिहार का रहने वाला था। यहां पर मजदूरी का काम करता था।

उसके साथ काम करने वाले ने बताया कि यह हादसा सोमवार सुबह करीब 11 बजे हुआ। कृष्ण तीसरी मंजिल पर काम कर रहा था। जिस लकड़ी की बली पर खड़ा होकर वह काम कर रहा था, वह टूट गई। जिस कारण वह सीधा नीचे आकर गिरा और लहूलुहान हो गया।

वहां काम कर रहे अन्य मजदूरों ने तुरंत उसे उपचार के लिए सेक्टर-6 नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इसके बाद हादसे की जानकारी सेक्टर-25 पुलिस चौकी में दी गई।

सूचना पाकर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना स्थल की जांच की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सेक्टर-6 नागरिक अस्पताल की मार्चरी में रखवा दिया गया है।



आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247



S.T COLLEGE OF NURSING & MEDICAL SCIENCES
Recognized by INC, New Delhi, Affiliated by BFUHS, Faridkot & PNRC, Mohali Approved by Govt. of Punjab.
COURSES OFFERED
ANM 2 Years Diploma
GNM 3 Years Diploma
B.Sc (Nursing) 4 Years Degree
D-Pharmacy (Ay.) 2 Years & 3 Months Diploma
10+1 & 10+2 (P.S.E.B)
V.P.O. Mehlanwali, Una Road, Hoshiarpur Pb.
Contact : +91-62841-11519, +91-99145-82525
www.stnursinginstitute.in

# हड्डियां सिकुड़नी शुरू हो गई, डल्लेवाल के लिए संकट की घड़ी



**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) गैर राजनीतिक के नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का आमरण अनशन रविवार को 48वें दिन भी जारी रहा।

डल्लेवाल का चेकअप करने के उपरांत डाक्टरों ने बताया कि उनकी हड्डियां सिकुड़नी शुरू हो गई हैं, जो बेहद चिंताजनक है। इसी बीच एसकेएम के दोनों गुट राजनीतिक व गैर राजनीतिक के नेताओं ने घोषणा की है कि वे सोमवार को पटियाला के पातड़ां में बैठक कर केंद्र के खिलाफ संघर्ष की संयुक्त रणनीति बनाएंगे। इससे पहले यह बैठक 15 जनवरी को पटियाला में होनी थी।

## संयुक्त बैठक करने की अपील की थी

बता दें कि जगजीत सिंह डल्लेवाल की लगातार नाजुक होती सेहत के मद्देनजर गैर राजनीतिक गुट ने शनिवार को दूसरे गुट को 15 जनवरी के बजाय इससे पहले संयुक्त बैठक करने की अपील की थी। हरियाणा के हिसार से किसानों का जत्था पहुंचा खनौरी, रविवार को हरियाणा के जिला हिसार से बड़ी संख्या में किसानों का जत्था खनौरी पहुंचा और डल्लेवाल के संघर्ष को समर्थन देने की घोषणा की।

इसके साथ ही चेतावनी दी कि अगर डल्लेवाल को कुछ हुआ तो केंद्र सरकार को इसका खामियाजा भी भुगतना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि सोमवार को हरियाणा के सोनीपत से किसानों का जत्था खनौरी पहुंचेगा। इसके बाद कैथल, जींद, पानीपत से जत्थे यहां पहुंचेंगे।

## दोनों गुट के नेता बनाएंगे संयुक्त रणनीति

बैठक में सरवन सिंह पंधेर, भाकियू सिद्धूपुर के महासचिव काका सिंह कोटड़ा, अभिमन्यु कोहाड़, लखविंदर सिंह औलख, सुरजीत सिंह फूल, इंद्रजीत सिंह कोटबुढ़ा, बलदेव सिंह सिरसा आदि शामिल हुए। बैठक में नेताओं ने बताया कि एसकेएम राजनीतिक ने 15 जनवरी के बजाय 13 जनवरी को पातड़ां में संयुक्त बैठक के लिए अपनी सहमति दी है। ऐसे में दोनों गुट के नेता पातड़ां में बैठक करेंगे और केंद्र सरकार के खिलाफ बड़ा संघर्ष शुरू करने के लिए संयुक्त रणनीति बनाएंगे।

## लोहड़ी की खुशियां मातम में बदली

# अमृतसर में चाइनीज डोर से कटा युवक का गला

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** पंजाब के सबसे बड़े त्योहार लोहड़ी पर्व की खुशियां एक परिवार के लिए मातम में बदल गई। पंजाब के अमृतसर में एक युवक की पतंग को उड़ाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली चाइनीज डोर से गला कटने से मौत हो गई। इस घटना के बाद से परिवार को रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पंजाब में सोमवार को लोहड़ी पर खूब पतंगबाजी हो रही थी। लोग घरों की छतों पर चढ़कर पतंगबाजी कर रहे थे। इसी दौरान अमृतसर में यह दर्दनाक हादसा हो गया। चाइनीज डोर की चपेट में आए युवक को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों का कहना है कि युवक के गले पर गहरा जख्म था।

चाइनीज डोर से उसका गले में गहरा घाव हो गया था और खून ज्यादा बह जाने की वजह से युवक की मौत हुई है। हालांकि युवक को अस्पताल पहुंचाने से पहले ही उसकी जान जा चुकी थी।



## धड़ल्ले से आसमान में उड़ी प्लास्टिक डोर

लोहड़ी के पर्व के मौके पर पूरे शहर में लोगों की ओर से खूब पतंगे उड़ाई गई। मगर इस दौरान प्लास्टिक डोर का भी धड़ल्ले से प्रयोग हुआ और पुलिस व प्रशासन इसे रोक पाने में पूरी तरह से विफल साबित हुआ। आसमान में पूरा दिन प्लास्टिक डोर के साथ पतंगे उड़ती रही। सड़कों पर प्लास्टिक डोर के गुच्छों के ढेर पड़े हुए दिखाई दिए, लेकिन पुलिस प्रशासन की ओर से कार्रवाई के नाम पर केवल औपचारिकता ही पूरी की गई। कई जगह पर कबूतर व अन्य पक्षी प्लास्टिक डोर में फंसे।

## दो पहिया वाहनों के लिए बंद करना पड़ा एलिवेटेड रोड

प्लास्टिक डोर से पतंगे उड़ने के कारण शहर के विभिन्न रास्तों पर यह लगातार बिखरी रही और वाहनों से भी टकराती रही। ऐसे में कोई भी जानी नुकसान न हो, पुलिस प्रशासन की ओर से एलिवेटेड रोड, बटाला रोड पर बाईपास तक बना बीआरटीएस कारिडोर वाला पुल पूरी तरह से दो पहिया वाहनों के लिए बंद कर दिया। ताकि कोई भी दो पहिया वाहन चालक इस जानलेवा डोर की चपेट में न आ जाए।

## केंद्रीय मंत्री ने की घोषणा

# सड़क हादसे में घायलों को अस्पताल पहुंचाने वालों को मिलेगा 25 हजार रुपए का इनाम



**जालंधर ( पवन कश्यप ) :** सड़क हादसों में घायल होने वाले लोगों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने वाले लोगों को केंद्र सरकार की तरफ से 25 हजार रुपए दिए जाएंगे। फिलहाल यह राशि 5,000 रुपये है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने यह जानकारी पुणे में सड़क सुरक्षा अभियान कार्यक्रम के दौरान दी। गडकरी ने यह भी बताया कि सड़क दुर्घटनाओं के शिकार लोगों को समय पर अस्पताल पहुंचाना जरूरी होता है।

उन्होंने कहा कि सड़क हादसों में घायल लोगों को गोल्डन ऑवर के दौरान यानी एक घंटे के भीतर अस्पताल पहुंचा दिया जाए तो जीवित बचने की संभावना काफी बढ़ जाती है। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री ने बताया कि हम ऐसी व्यवस्था पर विचार कर रहे हैं कि यदि कोई गलत ढंग से सड़क पर खड़े वाहन का फोटो नंबर सहित भेजेगा और उस वाहन का चालाना हो जाएगा तो चालान की राशि का दस प्रतिशत रुपया कमीशन के रूप में सूचना देने वाले व्यक्ति को मिलेगा। इससे लोग सक्रिय और जागरूक होंगे।



# कपूरथला में हादसा: स्कूल बस और कार आपस में टकराए, दोनों वाहनों के ड्राइवरों को आई चोट, बच्चे सुरक्षित



**जालंधर ( पंकज शर्मा ) :**कपूरथला में सुल्तानपुर लोधी रोड पर सोमवार सुबह स्कूल बस और स्विफ्ट डिजायर कार के बीच भीषण टक्कर हो गई। इसमें कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में कार ड्राइवर भी गंभीर घायल हुआ है जिन्हें आरसीएफ के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं बस में बैठे सभी बच्चे सुरक्षित है। बस ड्राइवर को भी चोट आई है।

सड़क सुरक्षा फोर्स के इंचार्ज एएसआई हरप्रीत सिंह ने बताया कि उनकी टीम मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है। मिली जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर लोधी रोड पर गांव ढुढियांवाल के नजदीक सोमवार सुबह लगभग 8 बजे एक स्कूल बस तथा कार के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर में कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और कार ड्राइवर नवीन चाहल वासी आरसीएफ गंभीर घायल हो गया। उसे आरसीएफ सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया हैं।

दूसरी तरफ स्कूल बस ड्राइवर करनैल सिंह को भी मामूली चोट आई है। हालांकि स्कूल बस में बैठे सभी बच्चे सुरक्षित है। बच्चों को किसी अन्य वाहन से स्कूल पहुंचाया गया है। एएसआई हरप्रीत सिंह ने बताया कि ट्रैफिक को सुचारू बनाने के लिए दोनों वाहनों को भी साइड कर दिया गया है।

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247






# समोसा लेने गई थी 14 वर्षीय नाबालिग, सुनसान जगह ले जाकर अशरफ ने किया दुष्कर्म; पीड़िता की आपबीती सुन पुलिस भी हैरान



**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** पंजाब के लुधियाना जिले में दुष्कर्म का एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां समोसे लेने बाजार गई किशोरी के साथ उसके परिवार के जानकार ने दुष्कर्म किया है। थाना डिवीजन नंबर 7 पुलिस ने लड़की की मां की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## क्या है पूरा मामला?

दरअसल, लुधियाना के थाना डिवीजन नंबर 7 में एक महिला ने पुलिस को शिकायत दी है कि जगदीशपुरा के रहने वाले अशरफ बेग ने उसकी 14 वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म किया है। आरोपी अशरफ बेग मूल रूप से उत्तर प्रदेश के जिला बरेली के गांव केसरपुर का रहने वाला है।

ताजपुर रोड निवासी महिला ने बताया कि गत नौ जनवरी को उसकी 14 वर्षीय बेटी समोसे लेने के लिए बाजार गई थी। इसी दौरान आरोपित उसे बहलाकर अपने साथ सुनसान जगह पर ले गया और दुष्कर्म किया। आरोपित उनका जानकार था।

इस मामले को लेकर एएसआई रणधीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अधेड़ उम्र के शख्स ने बच्ची के साथ किया दुष्कर्म

**वहीं**, एक दूसरे खबर की बात करें तो पंजाब के तरनतारन जिले के खडूर साहिब में अधेड़ उम्र के शख्स ने अपनी भतीजी के 13 वर्षीय सहेली के साथ दुष्कर्म किया है। दरअसल, खडूर साहिब के मंड क्षेत्र में जस्सा सिंह नाम के एक अधेड़ उम्र के शख्स ने अपनी भतीजी के साथ सरकारी स्कूल में पढ़ती उसकी 13 वर्षीय सहेली के साथ दुष्कर्म किया है।

थाना चोहला साहिब में आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बता दें कि आरोपी जस्सा सिंह की पत्नी का देहांत हो चुका है। उसकी भतीजी गांव के सरकारी स्कूल में पढ़ती है। भतीजी को मिलने उसकी सहेली दोपहर एक बजे आई। सहेली के बजाय आरोपित ने गेट खोलकर कहा कि तुम कमरे में बैठो। बच्ची ने कहा कि वह आपकी भतीजी से मिलने आई है। इस पर आरोपित ने उसे कमरे में बंद करके जान से मारने की धमकियां दीं और उसके साथ दुष्कर्म किया। शाम चार बजे तक जब पीड़िता घर नहीं पहुंची तो स्वजन उसकी सहेली के घर पहुंचे। इतने में आरोपित फरार हो गया। थाना चोहला साहिब में तैनात सब इंस्पेक्टर किरनपाल कौर ने बताया कि आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# दोस्ती करो नहीं तो तेजाब फेंकूंगा, पंजाब में महिला टीचर को युवक ने दी धमकी

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** पंजाब पंजाब के लुधियाना जिले में एक निजी स्कूल में पढ़ाती अध्यापिका पर एक सिरफिरा युवक करीब ढाई साल से दोस्ती का दबाव बना रहा है। दोस्ती न करने पर अपहरण कर तेजाब डालने की धमकी भी दे रहा है।

## ढाई साल से कर रहा है परेशान

पुलिस ने आरोपित जोधा सिंह उर्फ ग्रेड निवासी गांव नत्थोवाल के खिलाफ केस दर्ज किया है। एएसआई बलजिंदर सिंह ने कहा कि युवती ने अपनी शिकायत में बताया कि वह निजी स्कूल में पढ़ाती है। जोधा सिंह उसके साथ जबरदस्ती दोस्ती करने पर उसे व उसके परिवार को करीब ढाई साल से परेशान कर रहा है। पांच सितंबर 2022 को जोधा सिंह ने जगराओं में घेर कर उसका रोटी वाला टिफिन और पर्स छीन लिया था। बाद में पंचायत ने समझौता करवा दिया था।

## महिला टीचर के परिवार को भी देता है धमकी


28 अक्टूबर, 2024 से लेकर 13 नवंबर 2024 तक जोधा सिंह लगातार गलत शब्दावली फोन पर बोलता रहा। जब वह ड्यूटी से घर जाती तो फिर पीछा करता है और अगवा करके तेजाब डालकर जला देने की धमकी देता है।

एक दिसंबर 2024 को जोधा सिंह का फोन उसके पिता के मोबाइल नंबर पर आया। बातचीत करने पर गाली-गलौज करना शुरू कर दिया व परिवार को निपट लेने की धमकी देने लगा।




# जल शक्ति मंत्रालय की रिपोर्टः पंजाब में 12 प्रतिशत लोग पानी की गुणवत्ता से असंतुष्ट, सरकार के सामने चुनौती

**जालंधर ( पवन कश्यप ) :** पंजाब में राज्य सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत सभी घरों में नल से पानी की आपूर्ति का लक्ष्य तो पूरा कर लिया है, लेकिन अब सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती पानी की गुणवत्ता व नियमितता को लेकर है। प्रदेश में 12 प्रतिशत लोग पानी की गुणवत्ता से संतुष्ट नहीं हैं, यानि वे इसमें सुधार चाहते हैं।



इसी तरह 11 प्रतिशत लोगों ने पानी की नियमितता को लेकर भी असंतुष्टि जताई है। जल मंत्रालय की रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। मंत्रालय की तरफ से हाल ही में एक सवाल के जवाब में लोकसभा में यह रिपोर्ट पेश की गई थी। इसी तरह रिपोर्ट में फिरोजपुर फीडर नहर के पानी की गुणवत्ता सही नहीं पाई गई है, क्योंकि इसमें बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड (बीओडी) का स्तर तय मानकों से अधिक पाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2019 में जल जीवन मिशन की घोषणा की थी, जिसका मकसद 19.35 करोड़ ग्रामीण परिवारों के घरों को नल से पानी की आपूर्ति की सुविधा देना था।

इसके चलते प्रदेश में 34,26,808 घरों में यह सुविधा दी गई है। केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री वी सोमन्ना की तरफ से पेश की गई रिपोर्ट में बताया गया कि प्रदेश में 89 प्रतिशत लोग पानी की नियमित रूप से आपूर्ति (नियमितता पैरामीटर) से संतुष्ट हैं, जबकि 88 प्रतिशत लोग पानी की गुणवत्ता क्वालिटी (पैरामीटर) से संतुष्ट हैं। यह पंजाब सरकार के लिए राहत की बात है कि राष्ट्रीय प्रतिशत के मुकाबले प्रदेश की स्थिति बेहतर है। राष्ट्रीय स्तर पर पानी की नियमितता का 83 और गुणवत्ता का प्रतिशत 82 प्रतिशत है। हालांकि पंजाब के मुकाबले अन्य राज्यों में स्थिति काफी बेहतर भी है। यही कारण है कि राज्य सरकार के सामने इसमें सुधार करने की प्रमुख चुनौती है।

## प्रदेश को इस वित्तीय वर्ष में मिला 644 करोड़ रुपये फंड

केंद्र सरकार की तरफ से जल जीवन मिशन के तहत वर्ष 2024-25 के लिए पंजाब सरकार को 644 करोड़ रुपये फंड आवंटित किया गया है, जो वर्ष 2023-24 के मुकाबले अधिक है। पिछले वित्तीय वर्ष में केंद्र ने 479 करोड़ आवंटित किए थे। इसी तरह वर्ष 2022-23 में सबसे अधिक 2403 करोड़ जारी किए थे। पानी की गुणवत्ता व नियमितता में सुधार के लिए ही केंद्र की तरफ से सभी राज्यों को यह फंड जारी किया जाता है।

## प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने लिए थे सैंपल

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के साथ मिलकर फिरोजपुर फीडर नहर के सैंपल लिए थे, जिसमें सामने आया था कि इस नहर के पानी की गुणवत्ता जल गुणवत्ता मापदंड के तहत तय क्लास के अनुसार सही नहीं पाई गई।

पानी में बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड (बीओडी) का स्तर तय मानकों से अधिक 5 एमजी/एल पाया गया था, जबकि यह 3 एमजी/एल या उससे कम होना चाहिए। वहीं इंदिरा गांधी नहर के पानी की गुणवत्ता सही पाई गई थी।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार पंजाब के शहरों और कस्बों से निकलने वाले बिना ट्रीट सीवरेज के पानी और औद्योगिक अपशिष्ट के कारण सतलुज नदी के पानी की गुणवत्ता खराब हो रही है, जिनमें लुधियाना (बुड्ढा नाले ड्रेन), जालंधर और फगवाड़ा (पूर्वी बेन ड्रेन) शामिल हैं। सीपीसीबी सतलुज नदी, ब्यास नदी, राजस्थान नहर, बुड्ढा नाला और पूर्वी बेन नाले के जल गुणवत्ता की नियमित रूप से निगरानी करता है।

# किसानों ने फूंकी खेती मसौदे की प्रतियां, संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर प्रदर्शन

**जालंधर ( पंकज शर्मा ) :** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर सोमवार को पंजाब में विभिन्न किसान संगठनों ने कृषि ड्राफ्ट की प्रतियां जलाकर रोष प्रदर्शन किया। सुनाम में संगठनों द्वारा एसडीएम कार्यालय के बाहर प्रतियां जलाई गईं।

नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार फिर से काला कृषि कानून ला रही है, ये कृषि ड्राफ्ट राज्य सरकारों को भेज दिया गया है, इस कृषि ड्राफ्ट से पंजाब की सरकारी मंडियां पूरी तरह खत्म हो जाएंगी और कॉरपोरेट घरानों का कब्जा हो जाएगा। इन कृषि मसौदों को किसी भी कीमत पर लागू नहीं होने दिया जाएगा। किसानों को चाहे कुछ भी बलिदान देना पड़े। इस मौके पर अमरीक सिंह जिला अध्यक्ष बीकेयू उगराहां, जिला महासचिव दरबारा सिंह छाजला, महासचिव राम सरन सिंह उगराहां, सुखपाल माणक घेनवाल, मनी सिंह भैणी, भगवान सिंह सुनाम बीकेयू डकौंदा बिंदरपाल सिंह छाजली, हरबंस सिंह गोबिंदगढ़, जगसीर सिंह भंगू ब्लॉक अध्यक्ष राजेवाल, दर्शन सिंह मदाली, करनैल सिंह जखेपल डेमोक्रेटिक फ्रंट आदि उपस्थित रहे। गांव बख्शीवाला में भी किसानों ने ड्राफ्ट की प्रतियां जलाकर रोष प्रदर्शन किया।

